राजस्थान सरकार

निदेशालय चिकित्सा, स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण सेवायें, राजस्थान, जयपुर।

क्रमांकः आईडीएसपी/एनवीएचसीपी/2019/195 दिनांकः 12.12.2019

स्वस्थ एंव समृद्ध राजस्थान की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से 18 दिसम्बर, 2019 से प्रदेश में राज्य सरकार द्वारा निरोगी राजस्थान अभियान का शुभारम्भ किया जा रहा है। सम्पूर्ण प्रदेश में निरोगी राजस्थान अभियान सचालित कर स्वास्थ्य के प्रति व्यापक जन जागरूकता विकसित की जायेगी एंव उपलब्ध विभिन्न जन कल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी जायेगी।

निरोगी अभियान का 18 दिसम्बर, 2019 को राज्य स्तरीय शुभारम्भ कार्यक्रम जयपुर में आयोजित किया जायेगा, इसी प्रकार 20 दिसम्बर, 2019 को जिला स्तर पर, 21 दिसम्बर, 2019 को ब्लॉक एंव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एव 22 दिसम्बर, 2019 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एंव उपकेन्द्र स्तर पर आयोजित किया जायेगा।

"निरोगी राजस्थान अभियान" के मुख्य बिन्दुः–

- जनसंख्या नियंत्रण
- वृद्धावस्था मे स्वास्थ्य की देखभाल (जेरियेट्रिक सेटर)
- महिला स्वास्थ्य (एनीमिया, कुपोषण, स्तन व बच्चेदानी का कैंसर, माहवारी)
- किशारोवस्था स्वास्थ्य (एनीमिया, कुपोषण, मोटापा, माहवारी स्वच्छता)
- संचारी रोग (मौसमी बीमारियां)
- गैर संचारी रोग (जीवनशैली आधारित– मोटापा, मधुमेह, बीपी, मनोरोग, हृदयरोग, पक्षाघात, कैंसर, फेंफडा संबंधी रोग)
- टीकाकरण एवं वयस्क टीकाकरण (सम्पूर्ण टीकाकरण)
- व्यसन रोग (शराब, ड्रग्स, तम्बाकू)
- खाद्य पदार्थो मे मिलावट
- प्रदूषण

आमजन को जागरूक करने हेतु उपरोक्त बिन्दुओं से सम्बन्धित आई.ई.सी गतिविधियॉ जिला ब्लॉक एंव पचांयत स्तर पर करना सुनिश्चित करायें। आई.ई.सी. गतिविधियों में मुख्य रूप से रैली, मैराथन दौड, प्रदर्शनी, स्वास्थ्य सम्बन्धित वाद–विवाद प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी, नारा लेखन, नुक्कड नाटक, शिविर, होर्डिंग्स व बेनर आदि के माध्यम से सम्पादित की जायेगी।

इस अभियान के दौरान आमजन को स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर विभिन्न बीमारियों की रोकथाम हेतु जागरूक करने के लिए समन्वित रूप से कार्यवाही की जायेगी। मिलावट की रोकथाम, प्रदूषण समस्या, नशा मुक्ति आदि पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। मिलावट की रोकथाम के लिए प्रदेशभर में सघन अभियान संचालित कर खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान कर मिलावट करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी।

साथ ही तम्बाकू से संबंधित प्रावधानों की सख्ती से पालना करवाने के साथ ही ई–सिगरेट, हुक्काबार पर प्रतिबंध पर भी विशेष ध्यान दिया जायेगा। अभियान में प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति का स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा। इस सबंध में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा सबंधित विभागों के सहयोग से विस्तृत कार्ययोजना बनाकर उसे समयबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया जायेगा।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जयपुर जिले की गोविन्दगढ एवं सीकर जिले की श्रीमाधोपुर पचायत. समितियो में आशा सहयोगिनियों को स्मार्टफोन देकर स्मार्टफोन एप्लीकेशन से 7 लाख व्यक्तियों की विस्तृत रूप से स्क्रीनिंग की गयी एवं स्वास्थ्य से संबंधित 200 सवाल पूछे गये।

इस स्क्रीनिग के दौरान स्पष्ट हुआ कि जीवनशैली से आधारित गैर संचारी बीमारियां उच्च व मध्यम वर्ग ही नहीं बल्कि निर्धन वर्ग में भी फैल रही है। शहरी क्षेत्र के नजदीक की इन पचायत समितियों में मोबाईल का उपयोग, अधिक टीवी देखने एवं मेहनत की कमी आदि से जीवनशैली आधारित बीमारिया बढ रही है।

बुजुर्गों की देखभाल के संबध में रोचक तथ्य सामने आये। इन दोनो पंचायत समितियों में 50 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों का लिंगानुपात 1078 आया, जबकि प्रदेश का औसत मात्र 940 है। स्पष्ट है कि 50 वर्ष से अधिक जीवन की प्रत्याशा महिलाओं में पुरूषों के मुकाबले अधिक है।

इसे ध्यान में रखते हुए वृद्धावस्था देखभाल कार्यक्रमों में महिलाओं को लक्षित रखकर योजनाएं सचांलित करना आवश्यक है। देश के भावी डेमोग्राफिक स्थितियों को ध्यान में रखते हुए बुजुर्गों की देखभाल पर अधिक ध्यान केंद्रित करना आवश्यक है।

दोनों पचायत समितियों के तथ्यों के अनुसार सेनेटरी नैपकिन की उपलब्धता के बावजूद लगभग 10 प्रतिशत किशोरियां सेनेटरी नैपकिन्स का उपयोग नहीं कर रही। माहवारी स्वच्छता के संबध में सामान्यत: घरों में संवाद ही नहीं किया जाता तथा सेनेटरी नैपकीन्स उपलब्ध होने के बावजूद समुचित उपयोग नहीं होता। अत: सेनेटरी नैपकीन्स के उपयोग की आदत डालने के लिए संचार माध्यमों से जागरूकता का सघन अभियान सचालित किया जाना है।

क्षेत्र में स्क्रीनिंग के दौरान यह भी स्पष्ट हुआ कि कैंसर रोग निरन्तर बढ़ता जा रहा है। विशेष रूप से ओरल कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर तथा स्तन कैंसर तेजी से बढ रहा है। इस संबंध में प्रदेशभर में सघन स्क्रीनिंग करवाने की आवश्यकता है।

इसके लिए प्रशिक्षित मानव संसाधन हेतु आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है तथा मेमोग्राफी मशीनों की व्यवस्था कर नियमित रूप से जांच कराने के लिए प्रेरित करने हेतु सघन अभियान संचालित किया जायेगा।

भारतीय प्रशासनिक सेवा तथा भारतीय पुलिस सेवा में कार्यरत महिलाओ की अनिवार्य रूप से जांच की जाती है। इसी क्रम में प्रारम्भ में प्रदेश के सभी सरकारी कर्मचारियों तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के लिए वार्षिक स्वास्थ्य जांच अनिवार्य करने की आवश्यकता है।

सीमित संसाधनों को दृष्टिगत रखते हुए इसकी आयोजना, क्रियान्वयन तथा मूल्याकन में निजी क्षेत्र की सहभागिता, ड्रग कंपनियों तथा डवलपमेंट पार्टनर्स का सहयोग लिया जायेगा। इस क्रम में 4 दिसम्बर 2019 को अतिरिक्त मुख्य सचिव (चिकित्सा एव स्वास्थ्य) की अध्यक्षता में स्वास्थ्य भवन में एक विस्तृत बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक मे विभागीय अधिकारियों के साथ ही डवलपमेट पार्टनर्स (यूनीसेफ, यूएनएफपीए, यूएनडीपी, डब्ल्यूएचओ, जपाईगो एवं आईपी ग्लोबल) ने भाग लिया। बैठक में निरोगी राजस्थान अभियान के सफल क्रियान्वयन में डवलपमेंट पार्टनर्स को दिए जाने वाले दायित्वों का निर्धारण किया गया।

निरोगी राजस्थान अभियान के अर्न्तगत जिला, ब्लॉक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एंव उपकेन्द्र स्तर पर जन प्रतिनिधियों व आमजन की सहभागिता को सुनिश्चित करते हुये निरोगी राजस्थान की परिकल्पना कों साकार करने के लिये विभिन्न प्रकार की गतिविधियॉ संचालित की जावेगी। जिसके बारे में 8 एंव 9 दिसम्बर, 2019 को राज्य स्तरीय मीटिगं में समस्त विभागीय अधिकारियों को अवगत करा दिया गया था।

**जिला/ब्लॉक/सीएचसी/प्रा0 स्वास्थ्य केन्द्र /उप स्वास्थ्य केन्द्र पर आयोजित होने वाली गतिविधियों की कार्ययोजना**

| दिनांक | प्रतिभागी | आयोजक अधिकारी | गतिविधी |
|---|---|---|---|
| 20 12 2019 | जिला स्तरीय | सीएमएचओ/पीएमओ | 1 निरोगी राजस्थान अभियान के मुख्य बिन्दुओ को ध्यान मे रखते हुये मैराथन दौड का आयोजन<br>2. जिला स्तर अस्पतालो मे प्रदर्शनी के माध्यम से लोगो को स्वस्थ रहने हेतु प्रेरित करना तथा समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के बारे मे आमजन को अवगत कराना।<br>3 जिला स्तर पर एनसीडी शिविर का आयोजन करना तथा शिविर मे काउसलर के द्वारा विभिन्न प्रकार के रोगो से बचाव के लिये लोगो को अवगत कराकर स्वस्थ रहने हेतु प्रेरित करना। |
| 21 12 2019 | ब्लॉक एव सीएचसी स्तरीय | बीसीएमओ/सीएचसी प्रभारी अधिकारी | 1 निरोगी राजस्थान अभियान के मुख्य बिन्दुओ को ध्यान मे रखते हुये मैराथन दौड का आयोजन<br>2 अस्पतालो में प्रदर्शनी के माध्यम से लोगो को स्वस्थ रहने हेतु प्रेरित करना तथा समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के बारे मे आमजन को अवगत कराना।<br>3 एनसीडी शिविर का आयोजन करना तथा शिविर मे काउसलर के द्वारा विभिन्न प्रकार के रोगों से बचाव के लिये लोगो को अवगत कराकर स्वस्थ रहने हेतु प्रेरित करना।<br>4 एनटीसीपी/एनओएचपी/एनएमएचपी/एनवीएचसीपी एव समस्त राष्ट्रीय प्रोग्रामो को सम्मलित करते हुए सयुक्त शिविर का आयोजन करना। |
| 22 12 2019 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व उप स्वास्थ्य केन्द्र | चिकित्सा अधिकारी प्रभारी अधिकारी/एएनएम | 1 अस्पतालो मे प्रदर्शनी के माध्यम से लोगो को स्वस्थ रहने हेतु प्रेरित करना तथा समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमो के बारे मे आमजन को अवगत कराना।<br>2 एनसीडी शिविर का आयोजन करना तथा शिविर में काउसलर के द्वारा विभिन्न प्रकार के रोगो से बचाव के लिये लोगों को अवगत कराकर स्वस्थ रहने हेतु प्रेरित करना।<br>3. ज्नप्रतिनिधियों की सहभागिता से स्वास्थ्य सबधित कार्यशाला का आयोजन करना व नुक्कड नाटक के माध्यम से विभिन्न रोगो से बचाव के बारे मे ज्यादा से ज्यादा आमजन को अवगत कराना। |
| | | | |

## निरोगी राजस्थान अभियान कार्य योजना एवं गतिविधियां

| क्र. सं. | गतिविधियॉ | संभावित दिनांक | प्रतिभागी | आयोजक अधिकारी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | निरोगी राजस्थान अभियान का शुभारम्भ | 18.12.2019<br>20.12.2019<br>21.12.2019<br>22 12 2019 | राज्य स्तरीय<br>जिला स्तरीय<br>ब्लॉक एंव सीएचसी स्तरीय<br>पीएचसी एंव उपकेन्द्र स्तरीय | निदेशक जनस्वास्थ्य एव निदेशक आरसीएच<br>समस्त सीएमएचओ<br>ब्लॉक सीएमओ |
| 2. | माननीय चिकित्सा मत्री महोदय की अध्यक्षता मे माननीय शिक्षा राज्य मत्री महोदय, उच्च शिक्षा मत्री महोदय एव महिला एव बाल विकास मत्री महोदय द्वारा डीओआईटी के माध्यम से वीसी मे अभियान की कार्य योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा। | 20 जनवरी 2020<br>2 से 5 बजे तक | जिला कलक्टर एव सबधित विभागो के निरोगी राजस्थान अभियान के राज्य व जिला स्तरीय नोडल प्रभारी अधिकारी | निदेशक (जन स्वास्थ्य) व निदेशक आरसीएच |
| 3 | अतिरिक्त मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता मे निदेशालय मे नियुक्त जिला प्रभारी अधिकारियो की बैठक | 24 जनवरी 2020 | समस्त जिला प्रभारी अधिकारी निदेशालय। | निदेशक (जन स्वास्थ्य) व निदेशक आरसीएच |
| | | **गतिविधियां** | | |
| 1 | विद्यालयों में निबध, वाद–विवाद एव प्रश्नोत्तरी कार्यक्रमो का ब्लॉक, जिला व राज्य स्तरीय आयोजन | जनवरी माह में | प्रत्येक माध्यमिक विद्यालय | निदेशक शिक्षा माध्यमिक एव स्थानीय जिला शिक्षा अधिकारी |
| 2 | वीएचएसएनसी सदस्यो का निरोगी राजस्थान अभियान के संबंध मे आमुखीकरण | दिसम्बर माह के द्वितीय पक्ष में | वीएचएसएनसी सदस्य | बीसीएमओ |
| 3 | गणतन्त्र दिवस पर झांकी का आयोजन। | 26 जनवरी | 26.01.20 की गणतन्त्र दिवस के अवसर पर सभी जिलो मे निरोगी राजस्थान विषय पर झाकी का आयोजन। | सबधित जिला कलक्टर |
| 4 | सर्वोदय दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में निरोगी राजस्थान अभियान का व्यापक प्रचार–प्रसार | 30 जनवरी 2020 | राज्य स्तरीय<br>रक्तदान शिविर<br>जिला स्तरीय<br>ब्लॉक स्तरीय | निदेशक जनस्वास्थ्य<br>निदेशक एड्स<br>समस्त सीएमएचओ |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | ब्लॉक सीएमओ |
| 5 | मैराथन दौड | दिसम्बर माह के द्वितीय पक्ष मे | राज्य स्तरीय<br><br>जिला स्तरीय<br><br>ब्लॉक स्तरीय | निदेशक पीएच व एड्स, निदेशक माध्यमिक शिक्षा<br>सीएमएचओ व जिला शिक्षा अधिकारी<br>बीसीएमओ व सीबीओ |
| 6 | विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य शिक्षा आधारित फिल्म का विशेष प्रदर्शन जैसे–पेडमैन | 17 दिसम्बर | किशोरी बालिकाएं | जिला कलक्टर |
| 7 | विद्यालयों में प्रार्थना के समय निरोगी राजस्थान के सबंध मे आमुखीकरण | दिसम्बर माह के द्वितीय पक्ष से | प्रत्येक विद्यालय | एसीएस / प्रमुख शासन सचिव, शिक्षा |
| 8 | पब्लिक पार्कस मे आईईसी गतिविधिया | दिसम्बर माह के द्वितीय पक्ष से | जयपुर सहित प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों स्थित सार्वजनिक उद्यानों मे स्वस्थ जीवन–शैली के संबध में प्रचार | निदेशक आईईसी<br><br>सीएमएचओ |
| 9 | उत्सव एवं मेलों के अवसर पर आईईसी गतिविधियां | दिसम्बर माह के द्वितीय पक्ष से | सम्पूर्ण राजस्थान | निदेशक आईईसी<br><br>सीएमएचओ |
| 10 | ग्राम स्तर पर नारालेखन | दिसम्बर माह के द्वितीय पक्ष से | स्थानीय जनसमुदाय के सहयोग से ग्राम के महत्वपूर्ण स्थलो पर नारा लेखन | सीएमएचओ |
| 11 | नुक्कड नाटक | दिसम्बर माह के द्वितीय पक्ष में | जयपुर के प्रमुख स्थलों पर | निदेशक आईईसी |
| 12 | टीवी चैनल्स पर 10 महत्वपूर्ण विषयो पर विज्ञापन प्रसारण<br>(10 लघु फिल्मों, 10 विज्ञापन फिल्मों तथा एक 15 मिनट की निरोगी राजस्थान फिल्म की निर्माण व प्रसारण) | 15 दिसम्बर 2019 से 31 मार्च 2020 के दौरान | प्रदेश के प्रमुख टीवी चैनल्स | निदेशक आईईसी |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 13 | एफएम चैनल्स पर 10 महत्वपूर्ण विषयो पर विज्ञापन प्रसारण (10 ऑडियो विज्ञापन का निर्माण) | 15 दिसम्बर 2019 से 31 मार्च 2020 के दौरान | प्रदेश के प्रमुख एफएम चैनल्स | निदेशक आईईसी |
| 14· | समाचार पत्र के माध्यम से निरोगी राजस्थान के संबंध मे विज्ञापन। | 15 दिसम्बर 2019 से 31 मार्च 2020 के दौरान | प्रदेश के प्रमुख समाचार पत्रो में निरोगी राजस्थान अभियान के संबध मे विज्ञापन। | निदेशक (आईईसी) |

उपरोक्त समस्त गतिविधिया निर्धारित समय पर आयोजक अधिकारियो द्वारा सम्पादित की जानी है। निरोगी राजस्थान अभियान के सफल संचालन के लिए यह प्रारम्भिक रूपरेखा है। सघन रूपरेखा तथा फीडबैक के आधार पर इसमे आवश्यक परिवर्तन किये जा सकेंगे।

इस अभियान की समस्त गतिविधियों मे स्थानीय जनप्रतिनिधियो की सहभागिता सुनिश्चित की जाए तथा विशेष रूप से विद्यार्थियों को ब्रेंड एम्बेसेडर बनाकर स्वस्थ जीवन–शैली के लिए प्रेरित तथा प्रोत्साहित करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। निरोगी राजस्थान अभियान विभिन्न कार्यक्रमों के लिए पीआईपी में आवंटित बजट राशि में से ही संबधित गतिविधियों का आयोजन किया जाए।

(रोहित कुमार सिंह)
अतिरिक्त मुख्य सचिव,
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान,
जयपुर।

प्रतिलिपि निम्नाकित को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1 विशिष्ठ सहायक, माननीय स्वास्थ्य मंत्री महोदय, राजस्थान, जयपुर।
2 विशिष्ठ सहायक, माननीय राज्यमंत्री, चिकित्सा एव स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान।
3 निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, चिकित्सा एव स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान, जयपुर।
4 मिशन निदेशक, एनएचएम, मुख्यालय।
5 प्रबन्ध निदेशक, आरएमएससीएल, मुख्यालय।
6 समस्त जिला कलक्टर, राजस्थान
7 निदेशक (आरसीएच/ईएसआई/एड्स), चिकित्सा एंव स्वास्थ्य सेवायें, राज. जयपुर।
8. अतिरिक्त निदेशक (चिकित्सा प्रशासन/आरसीएच/ग्रामीण स्वास्थ्य), मुख्यालय।
9 समस्त सयुक्त निदेशक, चिकित्सा एंव स्वास्थ्य सेवायें, जोन–राजस्थान।
10. समस्त मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी, राजस्थान/समस्त प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, राजस्थान।
11 प्रभारी सर्वर रूम, मुख्यालय को प्रेषित कर लेख है कि उक्त पत्र सम्बन्धित सभी अधिकारियो को ई–मेल करे तथा विभागीय वेबसाईट पर भी अपलोड करें।

निदेशक (जन स्वास्थ्य)
चिकित्सा एंव स्वास्थ्य सेवायें,
राजस्थान, जयपुर।